शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना

शाहपुरा । नगर परिषद क्षेत्र के खोरी की ढाणी बिरजू सिंह में बाबा भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। नर्मदेश्वर महादेव चमत्कारेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ की मूर्ति से पूर्व कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण भी कराया गया। इस पावन अवसर पर आयोजन समिति द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन संपन्न हुआ। पंडित कमल किशोर शर्मा ने वैदिक मंत्रोचार के साथ शिव मूर्ति की स्थापना करवाई। इस अवसर पर हनुमान सिंह, शेर सिंह, गणपत सिंह, मंगल सिंह, त्रिलोक सिंह, नाथू सिंह, माल सिंह, ईश्वर सिंह, शिंभू सिंह, छीतर सिंह, सावंत सिंह, प्रहलाद सिंह शैतान सिंह, सुमेर सिंह, राम सिंह, बलबीर सिंह, रामकरण सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा

कोटपूतली। क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने बुधवार को राजधानी जयपुर पहुंचकर वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौढ से संगठनात्मक मुलाकात की। इस मौके पर पटेल ने कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। जिनमें विशेष रूप से नई ठाम पंचायतों के सुदृढ़ीकरण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

खोया पाया

मेरे मकान 1-न-16 जवाहर नगर का मूल आवंटन पत्र, कब्जापत्र, डिक्लेरेशन, अदैय प्रमाणपत्र- जवाहर नगर में कहीं खो गए हैं, मिलने पर सूचित करें- मनीषा खत्री 8949005254

मेरे भूखण्ड सं.-जी-12 श्री गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना गणेश विहार विस्तार ग्राम-चन्दलाई, जयपुर का पंजीकृत जे.डी.ए. पट्टा, साईट प्लान और पट्टे के साथ संगलन स्टाम्प पेपर कही गुम हो गये है सूचित करे-अनुराधा मिश्रा मो.- 9414893496

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम हसीना बेगम से बदलकर हसीना खातून रख लिया है भविष्य में मुझे हसीना खातून के नाम से जाना जावे 10-A गणेश विहार एन.बी.सी के पीछे खातीपुरा रोड़ जयपुर

मेरे द्वारा हरिभाऊ उपाध्याय शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज हटूंडी, अजमेर से BSTC 1st Year 2006 की सप्लीमेन्ट्री नामांक 2098 व उत्तीर्ण मार्कशीट 2007 नामांक 12893 की मूख्य अंकतालिकाऐं कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें। नाहिन अख्तर 9414370661

I have changed my name from WASIM AHMED QURESHI to VASIM AHMED KURESHI for all purposes R/o- 4561 Mani Ram ji ki kothi ka rasta Sanganeri gate Jaipur

I have changed my name from AASMA BANO QURESHI to AASMA WASIM for all purposes R/o- 4561 Mani Ram ji ki kothi ka rasta, Sanganeri gate, Jaipur

कार्यालय नव ज्योति राजीविका महिला सर्वांगिण विकास सहकारी समिति लि. श्रीचन्दपुरा

ग्राम-श्रीचन्दपुरा तह.राजगढ (अलवर) राज.
क्रमांक-244 दिनांक-15/2/26

नोटिस

नव ज्योति राजीविका महिला सर्वांगिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड श्रीचन्दपुरा कि विशेष साधारण सभा का आयोजन दिनांक 26/2/26 को 11.00 बजे स्थान-ग्राम पंचायत-कुण्डला में होगी, आपकी उपस्थित सादर आमंत्रण है।

मिथलेश, अध्यक्ष

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853
क्रमांक 558 **आम जाहिर सूचना** दिनांक-18.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या-4/9 मालवीय नगर जयपुर क्षेत्रफल 198.00 वर्ग मीटर का कार्यालय आदेश क्रमांक 558 दिनांक 19.09.1997 द्वारा श्रीमती अनिता माथुर पत्नी स्व. श्री लक्ष्मीचंद माथुर के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किया गया था। श्रीमती अनिता माथुर की मृत्यु दिनांक 22.11.2020 को हो जाने के कारण पुत्र श्री संदीप माथुर पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचंद माथुर के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ-पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, स्वयं एवं गवाह के पहचान पत्र की छाया प्रति एवं रजिस्टर्ड हक्त्याग की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री संदीप माथुर पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीचंद माथुर के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जायेगी।

संपदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, राज. आ. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कमर्शियल प्रोजेक्ट जो कि प्लाट नंबर 26, स्कीम फतेह टीबा इंडस्ट्रियल एरिया, गोविन्द मार्ग, आदर्श नगर, जयपुर राजस्थान में स्थित है जो त्रिमूर्ति लैंडकॉन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है। यह मंजूरी प्रस्ताव संख्या SIA/RJ/INFRA2/545069/2025 दिनांक 07.02.2026 को प्रदान कर दी गई है एवं वेबसाइट https://parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है।

वास्ते त्रिमूर्ति लैंडकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

दौसा में भूकम्प से निपटने की तैयारियों के लिए मॉक ड्रिल

दौसा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वडोदरा यूनिट की ओर से जिले में भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ करने के लिए बुधवार को यहां जिला कलक्ट्रेट परिसर में मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बचाव के प्रायोगिक तरीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और रेस्क्यू टीमों के रिस्पॉन्स टाइम (प्रतिक्रिया समय) की जांच की गई। दोपहर बाद तीन बजे जिला कंट्रोल रूम से विभिन्न विभागों को बहुमंजिला इमारत में उच्च तीव्रता के भूकंप से नुकसान होने की सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही एनडीआरएफ के साथ स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स, नागरिक सुरक्षा, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन दल तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सबसे पहले प्रभावित क्षेत्रा को कवर किया और अन्य संबंधित एजेंसियों ने कटर और सर्च लाइट जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर मलबे में फंसे लोगों को निकालने की कार्यवाही की। साथ ही छत पर फंसे लोगों को जिप लाइन के जरिए उतारने का लाइव अभ्यास किया गया। घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार देने के लिए मौके पर ही 'मेडिकल एड पोस्ट' बनाया गया। इस दौरान पांच घायलों को चिह्नित कर उन्हें समय पर एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस अभ्यास में स्काउट-गाइड्स ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर पूरी कार्रवाई की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने बताया कि भूकंप से बिल्डिंग गिरने के कारण मलबे में दबने और छत पर फंसे लोगों को बचाने का अभ्यास किया गया।

दौसा जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार की मौजूदगी में मॉकड्रिल का अभ्यास किया।

इसमें एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, मेडिकल, पुलिस और होमगार्ड इन सभी ने मिलकर बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमारा रिस्पॉन्स टाइम अच्छा रहा। उन्होंने रेस्क्यू टीमों के तालमेल की सराहना की और भविष्य में इन कौशलों को और अधिक उन्नत करने के निर्देश दिए। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार ने बताया कि

■ विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और रेस्क्यू टीमों के रिस्पॉन्स टाइम को परखा

एनडीआरएफ की तरफ से साल में एक बार हर जिले में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है। बुधवार को दौसा में भूकंप के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें भूकंप के दौरान बिल्डिंग्स के गिरने और लोगों के नुकसान होने पर उनके बचाव और राहत कार्य को अंजाम देने का अभ्यास किया गया। इसमें जिला प्रशासन, जिला पुलिस, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, फायर ब्रिगेड और अस्पताल इन सब एजेंसीज ने मिलकर अच्छा काम किया है। उन्होंने बताया कि यहां पर क्रिएट किए गए सीन में पांच लोगों के दबे होने की सूचना थी। उनको सभी एजेंसीज ने मिलकर जल्द से जल्द रेस्क्यू किया और सबको वहां से निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। उसके बाद एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें रेस्क्यू एजेंसीज के उपयोग में आने वाले उपकरणों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमन्त कलाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, नगर परिषद आयुक्त कमलेश मीणा, नगर सुधार न्यास सचिव मूलचंद लूणिया सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इसी प्रकार जिले के नांगल राजावतान क्षेत्र अंतर्गत रामथला गांव में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की ओर से बुधवार को जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास के माध्यम से भूमिगत पेट्रोलियम पाइप लाइन में संभावित लीकेज या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कंपनी और स्थानीय प्रशासन की तैयारियों एवं समन्वय को परखा गया। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल में आईओसीएल की पाइपलाइन में लीकेज होने के बाद उसमें आग लगने का सिनेरियो रखा गया था, जिसमें मेडिकल, आईओसीएल की अपनी टीम और फायर ब्रिगेड ने मिलकर अभ्यास को पूरा किया।

नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया

दौसा। महिला अधिकारिता विभाग के आयुक्त राकेश राजोरिया ने यहां 'साक्षी कम्प्यूटर्स' संस्थान पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से चलाए जा रहे नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण कर जमीनी प्रगति जानी। उन्होंने पूर्व एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण से प्राप्त लाभ, शिक्षा की गुणवत्ता तथा प्रशिक्षण उपरांत रोजगार एवं प्लेसमेंट की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उन्हें कंप्यूटर दक्षता, अंठोजी संप्रेषण कौशल एवं लेखांकन संबंधी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ है, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं। आयुक्त राजोरिया ने केन्द्र में डिजिटल बोर्ड एवं नवीनतम कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से प्रदान की जा रही शिक्षा की विशेष सराहना की तथा इसे आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण प्रणाली बताते हुए केन्द्र को निरंतर तकनीकी उन्नयन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल संसाधनों के उपयोग से विद्यार्थियों की समझ एवं कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अधोसंरचना एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की तथा अधिकाधिक युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया। केन्द्र प्रमुख सतीश कुमार शर्मा ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए केन्द्र में संचालित राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित आरएससीआईटी, इंग्लिश स्पोकन एवं टैली पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जनगणना के लिए कार्मिक प्रशिक्षित

दौसा। जिले में आगामी जनगणना के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी देवेंद्र कुमार ने की । जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की सरकारी योजनाओं, संसाधन आवंटन तथा नीति निर्धारण का आधार होते हैं। उन्होंने फील्ड स्तर पर कार्यरत प्रगणकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि डेटा संठाहण में शत-प्रतिशत सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। जनगणना कार्य निदेशालय, जयपुर से नियुक्त राष्ट्रीय ट्रेनर मेघा शर्मा एवं मास्टर ट्रेनर ज्योति मीना ने जिले के नगरीय एवं ठामीण क्षेत्रों के चार्ज अधिकारियों तथा अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान सीएमएमएस पोर्टल, एचएलबीसी वेब पोर्टल तथा एचएलओ मोबाइल ऐप के बारे में बताया गया और डिजिटल प्रविष्टि की प्रक्रिया, वेब पोर्टलों के व्यावहारिक संचालन एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अरविंद शर्मा ने जानकारी दी कि प्रथम चरण की कार्ययोजना के अंतर्गत स्वगणना 1 मई से 15 मई तक तथा फील्ड कार्य (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) 16 मई से 14 जून तक संपादित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्रों में प्रपत्रों के संधारण, डिजिटल एंट्री की बारीकियां, क्षेत्रवार गणना प्रक्रिया एवं नागरिकों से प्रभावी संवाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के लिए तैयार की गई कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक विजय कुमार शर्मा सहित जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के चार्ज अधिकारी उपस्थित थे।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय A.D.J-9 जयपुर - प्रथम, जयपुर
सेन्ट बैंक हो० फा० लि० विरुद्ध शरद माथुर
वाद बाबत CS -28/25,

1. नाम:- शरद माथुर पुत्र दिनेश चंद्र माथुर
   जाति:- हिन्दू
   स्थान:- प्लाट नं -82/98 पटेल मार्ग मानसरोवर जयपुर
2. नाम:- नेहा शरद माथुर पत्नी शरद माथुर
   जाति:- हिन्दू
   स्थान:- प्लाट नं -82/98 पटेल मार्ग मानसरोवर जयपुर

वादी- ने आपके विरुद्ध नकल संलग्न के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में **दिनांक 27 माह 03, सन् 2026 को दिन में 1:00 बजे** दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज़ पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादको सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज **दिनांक 09 माह 02 सन् 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया ।

न्यायाधीश

पालिथीन उपयोग नहीं करने के लिए जागरूकता

निवाई। प्लास्टिक मुक्त राजस्थान के संकल्प के तहत प्रथम चरण में ठाम पंचायत राहोली के मुख्य बाजार में विकास अधिकारी नन्दकिशोर शर्मा के नेतृत्व मे दुकानदारों एवं ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक की पालिथीन थैली, डिस्पोजल गिलास आदि का उपयोग नहीं करने के बारे में जागरूक किया । प्लास्टिक थैली का उपयोग करने पर प्रतीकात्मक रूप से जुर्माना भी लगाया गया। इस अवसर पर ठाम विकास अधिकारी नन्दकिशोर शर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिसके दौरान पालिथीन का उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। इस अवसर पर ठामीणों को प्लास्टिक बेग के स्थान पर कपड़े या जूट का थैला इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कैलाश गुर्जर, प्रशासक फूलादेवी मीणा, राकेश बैरवा, ललिता स्वामी व नरेंद्र जैन सहित कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

15 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र बांटे

भरतपुर (निस)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, भरतपुर द्वारा बुधवार को होटल ईगल नेस्ट सारस चौराहा में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं विभाग द्वारा संचालित अन्य स्वरोजगार ऋण योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि एडीएम सिटी राहुल सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना और नए उद्योग स्थापित करने के लिए युवाओं एवं उद्यिमयों को प्रोत्साहित करना इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग द्वारा उद्यिमयों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर सकारात्मक पहल की जा रही है।

जिला उद्योग महाप्रबंधक सी.एम. गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम

■ शिविर का मुख्य उद्देश्य उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करना रहा

प्रोत्साहन योजना समाज के दलित, आदिवासी एवं पिछड़े वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को ऋण, अनुदान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद शर्मा, उपनिदेशक, महिला अधिकारिता विभाग राजेश कुमार, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको एन.के. वर्मा, अठाणी जिला प्रबंधक पीएनबी भरतपुर प्रशांत कुमार एवं अठाणी जिला प्रबंधक पीएनबी डीग निखिल लाल उपस्थित रहे। जागरूकता शिविर में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे- युवा विश्वकर्मा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राजस्थान व्यापार नीति आदि के साथ-साथ एमएसएमई इकाइयों के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, एमएसएमई पॉलिसी, निर्यात प्रोत्साहन नीति एवं एकीकृत क्लस्टर विकास योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा योजनाओं के अंतर्गत लगभग 15 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति हेतु प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष, सीए ब्रांच भरतपुर अंकुर खंडेलवाल, सीए गिरीश गर्ग, सीए गौरव गुप्ता, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी सूर्यकांत पांडे सहित लगभग 150 उद्यिमयों एवं बैंक अधिकारियों ने भाग लेकरयोजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

ब्रज होली महोत्सव की तैयारी

डीग भरतपुर (निस)। विश्व पटल पर ब्रज संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने वाले ब्रज होली महोत्सव-2026 के सफल आयोजन एवं पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु बुधवार को पंचायत समिति सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वां ने की तथा पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक संजय जौहरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान कानून व्यवस्था एवं पर्यटकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि ब्रज की यह गौरवशाली परंपरा पूर्ण गरिमा के साथ संपन्न हो सके। पर्यटन विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 26 फरवरी को डीग में विविध आयोजनों के साथ होगा। इस दिन प्रातः 10 बजे मेला मैदान में रस्सा-कस्सी, कबड्डी, मटका दौड़ और अन्य पारंपरिक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात, दोपहर 12 बजे डीग महल परिसर में मेहंदी, रंगोली, चित्रकला एवं मूंछ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सायं 4 बजे डीग महल के ऐतिहासिक रंगीन फव्वारों का संचालन होगा।

आरटीओ कार्यालय के बाहर लोक परिवहन बस संचालकों का प्रदर्शन

भरतपुर (निस)। राजस्थान लोक परिवहन सेवा से जुड़े बस संचालकों ने भरतपुर स्थित आरटीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। संचालकों का आरोप है कि रूट के समय में बदलाव और बसों के ठहराव (स्टॉपेज) का समय कम किए जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

इसी के विरोध में बस संचालकों ने अपनी बसें आरटीओ कार्यालय के सामने खड़ी कर विरोध जताया। संचालकों का कहना है कि पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार

■ रूट समय परिवर्तन का विरोध

ही बसों का संचालन किया जाए। उनका आरोप है कि बिना सभी संचालकों की सहमति के समय में परिवर्तन कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, तीन बस संचालकों ने बस रोकने के समय को लेकर आरटीओ को लिखित शिकायत दी थी, जबकि आठ अन्य संचालकों ने किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करने की मांग की थी। प्रदर्शन कर रहे संचालकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक समय परिवर्तन को वापस नहीं लिया जाता, तब तक वे आरटीओ कार्यालय पर डटे रहेंगे। इन बसों का संचालन भरतपुर से धौलपुर, बयाना, करौली, हिंडौन, डीग और रूपवास सहित विभिन्न रूटों पर किया जाता है। समय परिवर्तन के फैसले से इन सभी रूटों पर यात्रियों और संचालकों दोनों पर असर पड़ने की बात कही जा रही है। फिलहाल मामले को लेकर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

रूट के समय में बदलाव और बसों के ठहराव (स्टॉपेज) का समय कम किए जाने के विरोध में बस संचालकों ने प्रदर्शन किया।

सिलाई मशीनें भेंट

निवाई। राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं ऊषा इंटरनेशनल लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में उन्नयन समिति के सहयोग से विशेष अभियान के तहत कुल 105 गाँवों में 105 सिलाई स्कूल केंद्र सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। निवाई में जमात के सामुदायिक केन्द्र में 26 गाँवों की चयनित महिला शिक्षिकाओं के 9 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के 26 विभिन्न गाँवों से चयनित 26 महिला शिक्षिकाओं को सिलाई, कढ़ाई एवं मशीन मरम्मत का गहन प्रशिक्षण दिया गया। यह महिलाएँ अपने-अपने गाँवों में सिलाई स्कूल का संचालन करेंगी। जहाँ वह गाँव की अन्य लडकियों एंव महिलाओं को सिलाई सिखाकर उन्हें स्वरोजगार से जोडेंगी। कंपनी सेक्रेटरी मधु राठी ने बताया कि यदि महिलाओं के हुनर पर काम किया जाए, तो इससे न केवल परिवार बल्कि देश की आर्थिक स्थिति में भी बडा सुधार आएगा। संस्थान के चेयरमैन रविकुमार सुरपुर ने बताया कि बोर्ड का मत है कि महिलाओं की भागीदारी से ही एक समृद्ध देश का निर्माण संभव है। इस अवसर पर ऊषा इंटरनेशनल के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहन लाल, उन्नयन समिति के सचिव विजय पाराशर, मोती लाल, जिला कोर्डिनेटर धोली वर्मा व प्रशासन से प्रहलाद ने भी विचार व्यक्त किए।

सुबोधमति माताजी का मंगल प्रवेश

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन आर्यिका श्रुतमति एवं सुबोध मति माताजी संघ का गांव चतुर्भुजपुरा में गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि माताजी के मंगल प्रवेश को लेकर अठावाल समाज चौरासी के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र चंवरिया, त्रिलोक रजवास, विमल बगड़ी व विमल पाटनी सहित कई श्रद्धालुओं ने आर्यिका माताजी के समक्ष श्रीफल चढ़ाकर निवाई प्रवास के लिए निवेदन किया।

आम सूचना

मैं कि कृष्ण बाबू शर्मा पुत्र स्व. श्री मिश्रीलाल शर्मा आयु 74 वर्ष निवासी वासन गेट, भरतपुर तहसील व जिला भरतपुर (राज.) का हूं। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र भूपेन्द्र शर्मा, हेमन्त शर्मा व उनकी पत्नियां पूनम शर्मा व अनीता शर्मा जो कि मुझे, मेरे परिजन पुत्र राजीव, पुत्रबधु हेमन्त कुमारी व बहिन शकुन्तला से लड़ाई झगड़ा करते हैं, इनके आचार विचार सही नहीं हैं ये चारों मुझ पर जायदाद को पूनम व अनीता के नाम कराने का दबाव डालते हैं तथा ऐसा नहीं करने पर ये चारों मुझे व मेरे परिजनों को जान से खत्म करने व झूठे केसों में फंसाने की धमकी देते हैं तथा चारों हम सभी को तंग व परेशान करते हैं व मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते व उल्टे सीधे कार्य व लेन देन करते हैं। मैं व मेरे अन्य परिजन इनके द्वारा किये गये कृत्यों से बुरी तरह आहत हैं इसलिये मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से भूपेन्द्र शर्मा, हेमन्त शर्मा, पूनम शर्मा व अनीता शर्मा को बेदखल करता हूं भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिये मैं व मेरे अन्य परिजन जिम्मेदार नहीं होंगे।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक : 10399 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 18.02.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 63/15 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन **श्री राधेश्याम अग्रवाल पुत्र श्री विजय लाल अग्रवाल** को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 679 दिनांक 22.04.1993 को जारी किया गया। **श्री राधेश्याम अग्रवाल** की मृत्यु दिनांक 28.02.1985 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी **श्रीमती गिरनी देवी पत्नी स्व. श्री राधेश्याम अग्रवाल** द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। **श्रीमती गिरनी देवी** के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 3010 दिनांक 02.05.1994 द्वारा नाम दर्ज किया गया। **श्रीमती गिरनी देवी** की मृत्यु दिनांक 10.05.2008 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री **श्रीमती आशा अग्रवाल पत्नी श्री बलराम स्वरूप गोयल** द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। **श्रीमती आशा अग्रवाल** के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 823 दिनांक 06.10.2008 द्वारा नाम दर्ज किया गया। **श्रीमती आशा अग्रवाल** के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 26.03.2013 को उप पंजीयक जयपुर-षष्ठम् के यहां पंजीकृत करवाये गये। **श्रीमती आशा अग्रवाल** की मृत्यु दिनांक 03.01.2016 को हो जाने के कारण पंजीकृत हक्त्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्र **श्री निखिल कुमार गोयल पुत्र श्री बलराम स्वरूप गोयल** द्वारा उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, **श्री निखिल कुमार गोयल पुत्र श्री बलराम स्वरूप गोयल** का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

संख्याक 2
विवाद्